छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

फोन नं. –0771–2439562, 2446556 (फैक्स), वेबसाइट–www.psc.cg.gov.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक 146/11/चयन/2024 नवा रायपुर दिनांक 04/12/2024

:: दस्तावेज सत्यापन हेतु "सूचना पत्र" ::

प्राध्यापक (विभिन्न विषय)

(उच्च शिक्षा विभाग)

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 07/2021/परीक्षा/दिनांक 02/09/2021, रोजगार और नियोजन में प्रकाशन दिनांक 08/09/2021 एवं सूचना पत्र क्रमांक 2894/91/विज्ञापन/2020, दिनांक 07.10.2021 तथा शुद्धि पत्र क्रमांक 03/2024/परीक्षा/दिनांक 07.08.2024 के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अतंर्गत **प्राध्यापक (अंग्रेजी, माईक्रोबॉयोलॉजी, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, बॉयोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शन शास्त्र, मानव शास्त्र, इतिहास, संस्कृत, विधि एवं गृह विज्ञान)** के विज्ञापित 13 विषयों के कुल 86 पदों की पूर्ति हेतु अभ्यर्थियों का सीधे दस्तावेज सत्यापन दिनांक 10.12.2024 से 17.12.2024 तक आयोजित किया जावेगा।

उपरोक्त पद हेतु कुल 255 अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन निर्धारित तिथि को प्रथम पाली पूर्वान्ह 10:00 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02.00 बजे किया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित एवं अनर्ह पाए जाने पर उक्त अभ्यर्थियों को आगामी भर्ती संबंधी प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं का "प्रमाण–पत्र" ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अथवा उसके पूर्व प्राप्त कर लिया होना चाहिए। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं के प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। इस संबंध में शैक्षणिक दस्तावेजों/अनुभव/स्थायी जाति/निवास/आय/निःशक्तजन प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/अन्य प्रमाण पत्रों के मूल प्रति तथा एक–एक सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें। आवश्यक शैक्षणिक अर्हता/अन्य प्रमाण पत्रों की कमी होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी एवं इस संबंध में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह चयन प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी.(सी.) क्रमांक 19668/2022 में पारित अंतिम आदेश के अध्यधीन रहेगी।

04/12/24

परीक्षा नियंत्रक

छ.ग. लोक सेवा आयोग

नवा रायपुर, अटल नगर